डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-07,2082 | भोपाल,दिन गुरुवार, दिनांक 11 दिसम्बर ,2025

न्यूज गैलरी

डॉ. सोनल को रक्तचाप शोध के लिए पुरस्कार

भोपाल। एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. सोनल राजपाले को जयपुर में इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी सम्मेलन में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके शोध में 24 घंटे और 48 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की तुलना की गई, जिसमें 48 घंटे की मॉनिटरिंग को अधिक सटीक पाया गया। यह शोध डॉ. निरीह सी. भट्ट के मार्गदर्शन तथा डॉ. शिखा मलिक, डॉ. महेश महेश्वरी और डॉ. अंबर कुमार के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

आज वीसी से जुड़ेंगे प्रदेश के निगम कमिश्नर

भोपाल। प्रदेशभर के निगम आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास के संभागीय संयुक्त संचालक, अधिकृत मंत्री, जिला शहरी विकास अभिकरण के सभी परियोजना अधिकारी और सभी मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गुरुवार को तैयारी के साथ इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में शाम 4 बजे से 6 बजे तक शामिल होंगे। नगरीय प्रशासन एवं आवास द्वारा जारी एजेंडा में पीएम इंफ्रास्ट्रक्चर, अर्बन क्वालिटी मॉनिटरिंग, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना, भवनों नियम संशोधन, पशु जन्म नियंत्रण कार्रवाई विषय शामिल है।

दीपावली को वैश्विक धरोहर घोषित सम्मान

भोपाल। दीपावली को यूनेस्को की इन्टेंगिबल कल्चरल हेरिटेज सूची में शामिल किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इसे प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी सहेजने का काम कर रही है और वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी इसी रास्ते पर कदम बढ़ाते हुए दुनिया में भारतीय संस्कृति का परचम फहराएंगे। भारत और भारतीय संस्कृति को मिली वैश्विक पहचान में प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

खंडेलवाल एवं शर्मा ने जताया शोक

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सागर जिले के बंदरी-मालथौन के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 4 पुलिसकर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने ईश्वर से निधनों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

एनसीआईएसएम बोर्ड ने नियुक्त कि पदाधिकारी

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा, सोवा-रिग्पा मेडिकल कॉलेजों के संगठन, पाठ्यक्रम निर्धारण से लेकर मान्यता प्रदान करने वाले बोर्ड नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) बोर्ड के पदाधिकारियों की नवीन नियुक्तियां की। बोर्ड के नए पदाधिकारियों को आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सबेश पाण्डेय ने बधाई दी। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार के अंतर सेक्रेटरी मदनलाल मीणा ने बोर्ड के पदाधिकारियों की नवीन नियुक्तियों के आदेश जारी किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में पीडब्ल्यूडी को करें शामिल

हर सड़क,पुल, परियोजना जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता : सीएम

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है। विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। अब मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण से लोक कल्याण नवम्बर-2025 के न्यूज लेटर, लोकल्याण इनकार्नेशन प्रोग्रेस का डिस्प्लेन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और कस्बेनुमी क्षेत्रों में रातानगरी का मानक बढ़ाएं। पूरे प्रदेश को समग्रदृष्टि कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लखनादौन और ग्वालियर को भी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अवांतरवान विकास का लाभ प्राप्त हो, इस आधार पर प्रस्तावित की परिकल्पना की जाए। रातानगरी का मानक राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें।

सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज पर भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी किनारे की इंटीग्रेटेड कॉलोनी के निर्माण में ग्रीन निर्माण विकास को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अवांतरवान विकास में पर्यावरण सम्मत का विशेष ध्यान रखा जाए। सहर संवर्धनीय विकास के लिए सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज में भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए। बिजली और पानी की इनका सुनिश्चित की जाए।

फ्लाईओवर, अंडरपास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलिवेटेड-ये आधुनिक यातायात की मांग है। इन आवश्यकताओं के निकास में प्राथमिक क्षेत्र की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। आवश्यकतानुसार फ्लाईओवर, अंडर-पास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ-2028 के कार्यों प्राथमिकता से लिए जा रहे हैं। इसके साथ पर्यावरण के मानक एक वर्ष प्राप्त हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यों को जून-2027 तक पूर्ण किया जाए।

12 हजार 212 शिकायतों में से 12 हजार 166 का निराकरण: सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि लोकायन एप में प्राप्त 12 हजार 212 शिकायतों में से 12 हजार 166 का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लोकायन एप के उपयुक्त उपयोग की सराहना की। एप में आने वाली शिकायतों के बीच सड़क टूटी, केमिकल गार्ड, पार्किंग स्थल, सिग्नेशन सेंसर, ब्लैक स्पॉट जैसे सुविधाओं को सेट किया है।

पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा

प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी सुखवीर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों, पीएम गतिशक्ति पोर्टल के उपयोग से रोड प्लानिंग, बीआईएसएजी-एन के माध्यम से समय सीमा का निर्धारण और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ पर्यावरण से सामंजस्य, पौधरोपण, ट्री-प्लांटिंग, लोक सर्वेक्षण, सॉर कर्जर के कार्य भी विभाग कार्यों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

देवरानी ने जेठानी के लाखों के जेवर चुराए,पुलिस ने देवरानी को पकड़ा

डीआर संवाददाता ▶▶ गिद

गिद के थरोही थाना क्षेत्र के लाडन गांव में देवरानी ने जेठानी के जेवर चोरी कर लिए। जेठानी ने इंतजार किया तो देवरानी ने खुद को लोहे गाड़ा आने का नाटक किया। इस तरह देवरानी एक बार बच गई, लेकिन जेवर बेचने के लिए गांव की महिलाओं से संपर्क किया तो पकड़ी गई। पुलिस ने उसे करीब डेढ़ महीने बाद 9 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ढाई लाख रुपए के सोने-चांदी जेवर भी बरामद किए हैं।

चोरी की वारदात 24 अक्टूबर की है। गिरीश जोशी अपनी पत्नी रानी जोशी के साथ गुजरात के अहमदाबाद से दिवाली मनाने बड़े भाई धर्मेंद्र के यहां आए थे। धर्मेंद्र की पत्नी प्रीति जोशी (27) ने दिवाली पर लक्ष्मी पूजन के बाद अपने सोने-चांदी के जेवर अलमारी में रखे थे। प्रीति के गहने देखकर रानी के मन में ईर्ष्या हो गई। रात में जब सब सो गए तो उसने अलमारी से सारे जेवर निकाल लिए। शक बाहरी व्यक्ति पर जाए, इसके लिए उसने सामान बिखेर दिया और घर के गेट खोल दिए। सुबह 4 बजे उसने खुद ही चोरी का शोर मचा दिया।

पुलिस से बचने माता आने की बात कही

करीब एक महीने बाद पुलिस को सूचना मिली कि रानी गांव की महिलाओं से पुराने जेवर बेचने और नए बनवाने की बात कर रही है। गलत लगते ही पुलिस ने उसे दोबारा बुलाया। इस बार सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गई और सच उगल दिया। पुलिस ने उसके पास से सोने का मंगलसूत्र, झुमकी, पायल, कंगनी और अंगूठियां समेत ढाई लाख का माल बरामद किया है।

चलती कार में लगी आग, महिला-बच्चे सहित 5 लोग बाल-बाल बचे

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी के भीड़भाड़ वाले रोशल मार्केट रोड पर बुधवार शाम सवारी कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना शाम करीब 5.15 बजे की है। जब कार हमीदिया अस्पताल की ओर जा रही थी। कार में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक छोटा बच्चा सवार थे। तिरहे के पास अचानक कार के पिछले हिस्से से धुआं और चिंगारी निकलने लगीं। खतरा भांपकर सभी लोग तुरंत बाहर निकल गए, जिससे सभी की जान बच गई। घटना के समय नगर निगम के एक वाहन चालक अर्शलान खान अपनी गाड़ी से कार के पीछे चल रहे थे। उन्होंने स्थिति देखकर तत्काल फायर स्टेशन को सूचना दी।

इसके बाद पास के फतेहगढ़ फायर स्टेशन से दो फोम वाले वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग से कार का पिछला हिस्सा व टायर जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सीएनजी किट लगी थी और संभवतः उसी में आई खराबी से आग भड़की। गनीमत रही कि सीएनजी टैंक में विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रतिमा बागरी के भाई के गांजा तस्करी के पकड़े जाने पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

अमित खरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता 74 बंगला स्थित नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के सरकारी आवास पहुंचे और बड़ा लगी गेल प्लेट पर कालिख पोत दी। शाजापुर जिले की रेवाड़ी में भाजपा विधायक के भाई कांग्रेस तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुए हैं। उनके भाई की गिरफ्तारी को लेकर विधायक बागरी के सरकारी बंगले पर पहुंचे कार्यकर्ता 74 और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी कांग्रेस कार्यकर्ता स्थित मंत्री के सरकारी बंगले पर पहुंचे राज्यमंत्री से इस्तीफा मांग रही कुशवाह को मंत्री के सरकारी आवास पर घुसने पुलिस कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए नेमप्लेट पर कालिख पोत दी। लगातार प्रदर्शन का पता चलते ही पुलिस ने मंत्री के बंगले की सुरक्षा बढ़ाते हुए बैरिकेडिंग कर दी थी। मंत्री ने गांजा तस्कर भाई से किया किनारा

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए भाई अमित बागरी और बहनोई शैलेंद्र सिंह से पल्ला झाड़ लिया है। खजुराहो में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान मीडिया ने जब उनसे सवाल-जवाब किए तो वे यह कहकर किनारा कर गईं कि वोटर भी अपने आप से रिश्तेदार बना लेता है। मेरा अनुरोध है कि पहले आप उसकी पुष्टि कर लें। तथ्यों की जानकारी के बाद ही बात करें।

जिला स्वास्थ्य समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए जिला स्वास्थ्य समिति एवं टास्क फोर्स बैठक बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री प्रकाश गायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मोहल डॉ. मनीष शर्मा, समिति एवं बाल विकास अधिकारी श्री सुनील सोलंकी, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों सहित शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में गर्भवती महिलाओं के प्रसव सेवाओं में पंजीयन बढ़ाने, हाई रिस्क गर्भवती के चिन्हांकन और प्रबंधन, टीकाकरण, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय टेक्टर लर्निंग नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, टीबी, अपरेशन निगरानी कार्यक्रम, मोबाइल मुनादी कैंप, एमएमसी तू, मलेरिया डिमिनेशन कार्यक्रमों पर चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं का नियमित निरीक्षण कर पारदर्शी परिवर्तन ने प्रोटोपि की जाए। स्वास्थ्य संस्थाओं में डिलेवरी शिशु जन्म इंफ्रास्ट्रक्चर के चार सफाई मॉडिल, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री मेडिकल सेवा प्रवृत्ति सहायता योजना के तहत प्रोत्साहन भुगतान, जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में सेवाओं की गुणवत्ता, पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राष्ट्रीय कृष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले की 77 गांव घोषणाओं टीबी मुक्त घोषित हुई हैं। टीबी मरीजों को सामाजिक सहायता, बीएमएमएमसी में कुछ प्राइवेट डायलेसिस कराने के निर्देश दिए गए।

लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी में अनिरुद्धाचार्य पर चलेगा केस

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मथुरा में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी मामले में मथुरा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सौरभ उत्तम राज की अदालत ने उनके खिलाफ केस चलाने का आदेश दिया है। अदालत ने इस संबंध में सुनवाई करते हुए रिकॉर्ड तलब की है।

याचिकाकर्ता नीरज चतुर्वेद मथुरा पहुंचे और उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसके बाद उन्होंने मामले की विस्तृत जानकारी दी है और मिठाई वितरण करते हुए खुशी जताई है। अदालत ने अगली सुनवाई 1 जनवरी 2026 को निर्धारित की है, जिसमें कथावाचक अनिरुद्धाचार्य याचिकाकर्ता पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे। यह मामला अक्टूबर 2025 का है। उस समय कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में उन्होंने बेटियों के चरित्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अनिरुद्धाचार्य ने कहा था कि आजकल बेटियों की शादी 25 साल की उम्र में होती है और तब तक वे कई जगह मुंह मार चुकी होती हैं। इस बयान के बाद सामाजिक संगठनों और आम लोगों में भारी आक्रोश देखा गया था।

समीक्षा | मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य की हुई समीक्षा एवं यांत्रिकी

सीएम ने कहा-जल जीवन मिशन मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करेगा

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जल स्रोतों में सीवरेज का दूषित जल किसी भी स्थिति में नहीं मिले और इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इस कार्य को मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों में सीवरेज का दूषित जल न मिले इसके लिए एक प्रभावी रणनीति बनाई जाए।

जल संकट वाले ग्रामों की तैयार करें रिपोर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विगत 10 वर्षों में जिन ग्रामों को जल संकट का सामना करना पड़ा है, उनकी रिपोर्ट तैयार कर उन क्षेत्रों में जल प्रभाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता के अनुसार जल वितरण का लक्ष्य तय किया जाए, जिससे नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। गांव के ऐसे तालाबों की सूची बनाएं, जिनमें हमेशा पानी बहता हो और तालाबों

बोरवेल दुर्घटना रोकने कानून बनाने वाला मप्र पहला राज्य

बैठक में बताया गया कि बोरवेल दुर्घटना रोकने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य है। जल ही श्रमक जल से सुरक्षा अभियान में प्रदेश को पूरे देश ने प्रवेश स्थान मिला है। जल रेखा मोबाइल एप के माध्यम से योजनाओं की सतत निगरानी की जा रही है। राज्य की लगभग 155 प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मान्यता प्राप्त हो चुकी है। ग्राम पंचायतों को शशक्त बनाने के लिए कार्य किया जाए।

ऐसी सर्दी... शहडोल में फसलों पर ओस जमी भोपाल में पारा 6.8 डिग्री

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सर्दी जोरों पर है। बुधवार को भोपाल सहित कई जिलों में लगातार कोल्ड वेव का असर रहा। शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम पारा 3 डिग्री रहा। वहां फसलों पर ओस जम गई। उमरिया 4.8, राजगढ़ और दिल स्टेशन पचमढ़ी 5.2, इंदौर 5.4 डिग्री के साथ ही शाजापुर के सिहोर में रात का पारा 5.5 डिग्री रहा। गुरुवार को भी भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के आधा दर्जनफसलों पर जमी ओस की बूंदेंसे अधिक जिलों में अगले 2 दिन कोल्ड वेव का अलर्ट है। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में अभी कड़ाके की सर्दी से राहत के आसार नहीं है। इंदौर में 5.4 डिग्री पहुंच गया तो भोपाल में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में 9.3 डिग्री, उज्जैन में 8.7 डिग्री और जबलपुर में 9.1 डिग्री रहा।

इन शहरों में तेज सर्दी का दौर रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। यह 222 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बह रही है। इसी के चलते मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ी है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,07 – 2082 | सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 11 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

आरोपी को उम्रकैद के सहायक

सीहोर। एक नाबालिग पीड़िता को बहला–फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी शादाब खान को दूसरे अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने आजीवन कारावास और कुल 3000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। प्रकरण में पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव द्वारा की गई।

मामला तब सामने आया जब पीड़िता की मां ने शाहगंज थाने में 11 अक्टूबर 2024 को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पता चला कि आरोपी शादाब, जो पीड़िता के गांव का ही निवासी है, उसे शादी का प्रलोभन देकर पहले जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया। बाद में वह उसे इटारसी और गुजरात तक ले गया। 14 अक्टूबर 2024 को दोनों को पुलिस ने बुदनी

निशुल्क शासकीय शव वाहन सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग के नंबरों पर संपर्क

सीहोर। शासन द्वारा सीहोर जिले के स्वास्थ्य विभाग को निशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। सीएमएचओ सुधीर कुमार जेरथिया ने बताया कि जिले के नागरिक आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए नंबरों 0755 2440602, 6268807200, 6268806914 पर कॉल करके निशुल्क वाहन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शासकीय अस्पतालों में सीसीयूएटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु (इंस्टीट्यूशनल लेथ जीनती) होने पर मृतक को सम्मान पूर्वक अपने परिजनों को सुपुर्द कर निशुल्क उनके निवास स्थल तक पहुंचाना है।

पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के स्कूलों का कर रहे हैं नेतृत्व

सीहोर। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुसार 100 स्कूलों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है। इन पीएमश्री विद्यालयों में 4 लाख 80 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएँ, लाइब्रेरी, खेल उपकरण और कला कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित कराकर इनको आधुनिक रूप दिया गया है। ये पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के अन्य स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये नेतृत्व कर रहे हैं।

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रकार बस संचालकों में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, आंतरिक क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं।दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सशक्त प्राधिकारी के प्रमाण–पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आईडी, फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे

एक्शन जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की

अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन, मार्किंग लाइन लांघी तो लगेगा स्पॉट फाइन

डीआर संवाददाता»इछावर

सीहोर शहर की सड़कें अब सड़कें कम और अवैध कब्जों का अड्डा ज्यादा लगने लगी हैं। मुख्य बाजार से लेकर गलियों तक, पक्के और कच्चे अतिक्रमणों ने जनजीवन की रफ्तार ही रोक दी है। दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने से रोजाना ट्रैफिक जाम, झगड़े और हादसे आम हो चुके हैं। जनता रोजाना परेशानी की आग में झुलस रही है, लेकिन जिम्मेदारों की तरफ से खानापूरी ने नाराजगी बढ़ा दी थी। सीएम हेलपलाइन और नगर पालिका में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार अब नया एक्शन मोड में आई है।

अब मार्किंग लाइन होगी शहर की नई सीमा

नगर पालिका ने बाजार क्षेत्र में खुले से मार्किंग लाइन लगाने की तैयारी कर ली है। दुकानों के सामने दोनों ओर यह लाइन तय सीमा घोषित करेगी। कोई भी व्यापारी या ठेले वाला इस रोक के पार सामान फैलाता है तो पहले ही नोटिस पर वसूली के साथ न्यूनतम 1500 और अधिकतम 16000 तक स्पॉट फाइन वसूला जाएगा। जिस क्षण सीमा टूटेगी, उसी क्षण जुर्माने की कार्रवाई होगी, यानी अब चेतावनी पर नहीं, सीधे सख्ती पर।

दो सप्ताह में शुरू होगा बड़ा अभियान

लगातार शिकायतों और भरी हुई गलियों ने प्रशासन को अब निर्णायक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। दो सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की जाएगी। शुक्रवार मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों से होगी, फिर पूरे शहर में अभियान चलेगा। गैरकानूनी कब्जों पर बुलडोजर जैसी कार्रवाई के लिए भी तैयारी की जा चुकी है। नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दल प्रभारी दिलीप खाती के अनुसार अतिक्रमण हटाओ मुहिम जल्द शुरू होगी, मार्किंग लाइन लांघते ही स्पॉट फाइन तय है। शहर चलेगा। दोकानदारों को पीसीआर बुलाने का निर्णय लिया है। बैठक में दुकानदारों को स्पष्ट कर दिया जाएगा कि सड़क सार्वजनिक है, दुकान का विस्तार नहीं। उनसे सहयोग की अपेक्षा की जाएगी, पर असहयोगियों को अनदेखा करने का विकल्प नहीं होगा। प्रशासन का मानना है कि शहर को व्यवस्थित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, लेकिन जहां नियमों की अनदेखी होगी, वहां कार्रवाई ही अंतिम भाषा होगी।

ठेले और अवैध पार्किंग बनी बड़ी समस्या

बड़ा बाजार, गांधी रोड, तहसील चौराहा, कोतवाली चौराहा, इंदौर नाका और गोपाल नाका जैसे इलाकों में ठेले वालों की मनमानी और अवैध पार्किंग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है। कई बार वाहन ठेले से टकरा जाते हैं और हादसे होते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं। लोग

शहर में आई टोइंग वैन

बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों के लिए बुरी खबर शहर में आ गई है टोइंग वैन, अब इस टोइंग वैन से वाहनचालक विभाग के जवानों द्वारा उन गाड़ियों को टो करके ले जाया जाएगा जो मालामाल में बाधक बनती है। कार्यवाही करोड़ों के बाद ही वाहन छोड़ा जा सकेगा। इसलिए अब ध्यान देना कि वाहन हर कहीं पार्क न हो।

प्रतिदिन उर, मुंडलाहाट और तनाव के बीच बाजार से निकलती हैं। अब उम्मीद बढ़ी है कि मार्किंग लाइन और सख्त जुर्माना इस अराजक व्यवस्था पर आखिरकार ब्रेक लगाएगा।

सख्ती के साथ निगरानी तभी बदलेगा शहर

जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि हटाया गया सामान दोबारा न पसर आए। नगर टीम ड्रोनों का नियमित भ्रमण कर स्थिति का आकलन करेगी। शहर में इस समय 200 से अधिक जगहों पर कब्जे हैं, जिनमें कई स्थानों पर सड़क सकरी होकर

तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

डीआर संवाददाता» अहमपुर

अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आसपास के गांव में लगातार तेंदुआ की मूवमेंट से ग्रामीण और किसान परेशान थे। वहीं ग्रामीणों ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए विशेष कर रेस्क्यू के लिए ज्ञापन सौंपकर पकड़ने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग का अमला पथरिया गांव पहुंचा। गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया है। पिंजरे में तेंदुए के चारे के लिए बकरी को भी बांधा गया है। क्षेत्र में लगातार तेंदुए का मूवमेंट जारी है, जिसके बाद वन विभाग का अमला पथरिया गांव पहुंचा और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग अहमदपुर रिंदी रेंजर हरिप्रसाद डागर ने बताया की लगातार ग्रामीणों द्वारा तेंदुए की मूवमेंट की सूचना मिल रही थी। ग्रामीणों ने शासन सीपकर वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी। बुधवार दोपहर 2 बजे वन विभाग के अमले के साथ गांव पहुंचकर पिंजरा लगाया गया है।

पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में बांधा गया है पिंजरा तेंदुए को – पकड़ने के लिए लगाया गया है वन विभाग का अमला पथरिया गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए मौजूद है जगातार मूवमेंट टीम के द्वारा रखी जा रही है। हर एक घंटे पर अपडेट लिया जा रहा है एक चौकीदार और बीट प्रभारी को बोला गया है कि हर 1 घंटे में अपडेट ले।

बिना वाहन के किस तरह होगा रेस्क्यू ?

अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 30 किलोमीटर एरिया लगता है। वहीं इस एरिया को कवर करने के लिए वन विभाग अहमदपुर के पास फोर व्हीलर गाड़ी भी उपलब्ध नहीं है। वन विभाग का अमला टू व्हीलर मोटरसाइकिल से ही सारे मूवमेंट पर नजर रखता है।

शीतलहर से फसलों पर ओस जमी, न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रहा। खेतों में ओस जमने लगी है, जिससे तेज सर्द असर साफ दिख रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के एसएस तोमर ने बताया कि हिमालय प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय बढ़ोतरी हो सकी है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के चलते अब प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, आने वाले दिनों में मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है। अगर बारिश होती है तो न्यूनतम तापमान और गिर सकता है तथा ठंड बढ़ने की उम्मीद है। जिले में तापमान पिछले दिनों से लगातार गिरते जा रहा है। दिसंबर की न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस था, जो 10 दिसंबर को घटकर 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीहोर में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद से तापमान लगातार कम हो रहा है और अब लोगों को सुबह की ठंड का एहसास होने लगा है।

सांसद खेल महोत्सव रू कबड्डी के फाइनल में रेहटी और महाविद्यालय की टीम जीती

डीआर संवाददाता»रेहटी

सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री कन्या सरकार महाविद्यालय मैदान में हुआ। आयोजन भारतीय जनता पार्टी के सालमपुर मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में हुआ। बुधवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। बालिका वर्ग में महाविद्यालय की टीम विजेता बनी।

पीएमश्री कन्या विद्यालय की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग में सीनियर स्पोर्ट क्लब रेहटी ने जीत दर्ज की। वहीं नर्मदा क्लब एबीडा उपविजेता रही। प्रतियोगिता में शासकीय और शहरी क्षेत्र की कुल 22 टीमों ने भाग लिया। इनमें बालक वर्ग की 18 और बालिका वर्ग की 4 टीमें शामिल थीं।कुल 17 मुकाबले कराए गए। विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए। दोनों वर्गों की विजेता टीमें अब मेलघाट में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट सानिध्यपाल ट्रेनर, अमर सिंह चौहान, राम नारायण साहू, नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मनोहर लाल महेश्वरी, अर्जुन राजीव शर्मा, सुनील गौर, प्रदीप पटेरिया, पीएमश्री प्राचार्य और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

13 लाख की पुताई पर उठा सवाल टीम ने किया निरीक्षण, रिपोर्ट के बाद हो सकती है कार्रवाई

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातक महाविद्यालय भैरूंदा में हाल ही में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से कराए गए पुताई कार्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सूचना का अधिकार के माध्यम से मिली जानकारी के बाद बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग ने सीहोर से एक विशेष जांच टीम भेजी। इस टीम ने रोमावार को पूरे परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम के प्रमुख डॉ. जीएन. सैन नवलपुरा के टीम ने महाविद्यालय की सभी इमारतों की बारीकी से जांच की है।

उन्होंने कहा कि जहां पुताई होना बताया गया था, वहां कार्य अधूरा या बिल्कुल नहीं मिला। बाहरी दीवारों पर पुताई के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिले हैं। अब विस्तृत रिपोर्ट विभाग को भेजी जाएगी।

जांच होगी कार्रवाई, रिपोर्ट का इंतजार जांच टीम अब अपनी विस्तृत रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को सौंपेगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्य मीना ने कहा कि सभी दस्तावेज जांच टीम को सौंप दिए गए हैं। यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी मिलती है, तो नियमानुसार कार्रवाई होगी।

13 लाख रुपये में हुआ था पुताई ठेकाप्राचार्य मीना

प्राचार्य श्याम सिंह मीना ने बताया कि पुताई में लगभग 13 लाख रुपए खर्च किए गए थे। इसमें जानकारियों से 7 लाख 50 हजार 922 और कॉलेज स्तर से 5 लाख मिले थे। प्राचार्य मीना ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर भी एक जांच टीम बनाई गई थी। इसमें कुछ कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई थी। लेकिन पूर्व प्राचार्य ने इस जांच पर सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इसके बाद सीहोर से टीम भेजी गई।

2,118 क्विंटल सोयाबीन और 446 क्विंटल मूंग में गड़बड़ी, व्यापारी फर्म पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू भावांतर भुगतान योजना में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला भैरूंदा कृषि उपज मंडी में सामने आया है। सरकारी जांच में पाया गया कि एक व्यापारी फर्म ने सोयाबीन और मूंग की स्टॉक मात्रा को कागजों में बढ़ाकर दिखाया, ताकि योजना के तहत अधिक भुगतान प्राप्त किया जा सके। भावांतर योजना में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की संयुक्त संचालक रश्मि झनिया ने 7 दिसंबर को भैरूंदा मंडी का निरीक्षण किया। प्रारंभिक संदेह पर अगले ही दिन 8 दिसंबर को भोपाल संभाग नोडल अधिकारी नरेश परमार के नेतृत्व में एक जांच टीम मंडी गई।

टीम ने मेसर्स मायरी ट्रेडर्स और अमित ट्रेडर्स का भौतिक स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान किया। निरीक्षण में पाया गया कि फर्म ने ई–उपार्जन पोर्टल पर स्टॉट चेक करते हुए 10,70755 क्विंटल सोयाबीन दर्ज किया था, जबकि गोदाम में वास्तविक मात्रा 8,589.00 क्विंटल ही मिली। यानी 2,118.55 क्विंटल की गड़बड़ी स्पष्ट रूप से सामने आई। इसी तरह स्टॉक रजिस्टर में दर्ज 446.44 क्विंटल मूंग गोदाम में शून्य पाई गई। यह अंतर दस्तावेजों में बड़े स्तर पर हेराफेरी और फर्जी स्टॉक दर्शाने का प्रयास दिखाता है।

शिकायत में बताया गया था सैंपलिंग का खेल

सूत्रों के अनुसार, कुछ व्यापारी किसानों से खरीदी गई उपज को बार–बार अलग–अलग खरीद–बिक्री के रूप में दिखाकर भावांतर भुगतान योजना की राशि और मंडी शुल्क में छूट जैसे लाभ प्राप्त कर रहे थे। गंभीर अनियमितता सामने आने पर मंडी समिति ने फर्म संचालक के विरुद्ध पुलिस में मामला दर्ज कराया।

शहर के बस स्टैंड पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा

धर्म और राष्ट्र दोनों ही लोगों का एक साझा इतिहास: संत दुर्गा प्रसाद कटारे

डीआर संवाददाता»सीहोर

धर्म और राष्ट्र दोनों ही लोगों को एक साझा विरासत, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ते हैं, जिससे अपनेपन की भावना पैदा होती है।

नाल क्षेत्र के हर व्यक्ति को सनातन धर्म से बेहतर का सिलसिला चल रहा है। कुछ लोग जानते हैं कि प्रेम, करुणा, न्याय और समानता जैसे सार्वभौमिक मानवीय मूल्य सत्य में सभी विभागों को पार करके लोगों को एकजुट कर सकते हैं। शहर के बस स्टैंड पर बालाजी मंदिर की तर्ज पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उक्त विचार कुमार को मंदिर में समिति के संरक्षक श्री श्री 108 डिट दुर्गाप्रसाद कटारे ने रखे।

उन्होंने बताया कि मंदिरपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी के रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर ही सुंदर अनुपम मंदिर निर्माण होने जा रहा है। करीब चार करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए लेमरवाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण–प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बेरा सर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा।करीब में समिति के संरक्षक श्री श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश चावरे, मंदिर के पुजारी अनिल शास्त्री,संरक्षक मंत्र श्री ओर से मनोज दीक्षित नाना आदि शामिल थे। इस मंदिर की सात दिवसीय प्राण–प्रतिष्ठा का आयोजन हनुमान जयंती के पावन अवसर पर किया जाएगा। जनवरी तक मंदिर परिसर पूर्ण हो जाएगा, इसके उपरांत सात दिवसीय भव्य प्राण–प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध धर्म आचार्यों की उपस्थिति में भव्य आयोजन को पूर्ण किया जाएगा। हिंदू समाज को मजबूत बनाना। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों पिता द्वारा लगभग 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण–प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है।

कक्षा में चक्कर खाकर गिरा छात्र,

डीआर संवाददाता»सीहोर

कुम्भी गुरुवा बाबा कॉलोनी के अभिषेक, जो सादीपानी विद्यालय में 12वीं का छात्र है, बुधवार दोपहर करीब एक बजे पढ़ाई के दौरान अचानक बेहोश हो गया। वह कक्षा में बैठा था, तभी उसे चक्कर आया और वह गिर पड़ा। स्कूल में मौजूद 5 से 7 शिक्षक और स्टाफ तुरंत उसे निजिल अस्पताल कुमनी लेकर पहुंचे। जांच में उसका ब्लड प्रेशर 166/101 निकला। डॉक्टरों ने बताया कि बीपी अचानक बढ़ने से उसकी तबीयत बिगड़ी। समय पर इलाज मिलने से अब उसकी हालत सामान्य है। परिजन ने बताया कि वह सुबह घर से पैदा खाकर स्कूल गया था।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,07 – 2082 | सीहोर,दिन गुरुवार,दिनांक 11 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

संवेदित निर्वाचन क्षेत्रों में शस्त्र अनुज्ञप्तियां निलंबित

सीहोर पंचायत उप निर्वाचन वर्ष–2025 (उत्तरार्द्ध) को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्री बालगुरू के ने जिले की चयनित ग्राम पंचायतों एवं निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के दौरान आग्नेयास्त्रों की शस्त्र अनुज्ञप्तियां निर्वाचन समाप्त होने अर्थात 05 जनवरी 2026 तक निलंबित कर दी है। यह आदेश निर्वाचन को शांतिपूर्ण और निष्पक्षपूर्ण संपन्न कराने एवं शस्त्रों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जारी किया गया है। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के कार्य में लगे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय विभागों में कार्यरत सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, शासकीय उपक्रमों के अधिकारी कर्मचारी बैंकों के गार्ड के तौर पर कार्यरत लायसेंसियों पर लागू नहीं होगा।

जिले में पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सीहोर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के लिए जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के ने जिले की सीहोर, आष्टा और इछावर जनपद पंचायतों में उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदारों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया है।

बिना पूर्वानुमति लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित

सीहोर पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के. ने जिले की सीहोर, आष्टा, भैरूंदा एवं नसरुल्लागंज पंचायतों में लाउडस्पीकर तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर नियंत्रण संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार निर्वाचन प्रचार–प्रसार के दौरान अनिवार्यता वश ही होने वाली जन–परेशानी, ध्वनि प्रदूषण और शांति–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 05 जनवरी 2026 तक लाउडस्पीकर का उपयोग संबंधित क्षेत्र की अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जुलूस, आमसभा और प्रचार वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर का उपयोग केवल एसडीएम से पूर्व अनुमति प्राप्त कर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन पाए जाने दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव प्रचार में शासकीय संपत्ति का उपयोग प्रतिबंधित

सीहोर। पंचायत उप निर्वाचन वर्ष–2025 (उत्तरार्द्ध) को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालगुरू के. के. ने जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में शासकीय तथा सार्वजनिक संपत्तियों के दुरुपयोग पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार सरकारी भवनों, परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, दीवारों और अन्य संपत्तियों का चुनाव प्रचार–प्रसार के लिए किसी भी रूप में उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। निजी संपत्तियों पर प्रचार सामग्री लगाने या उपयोग करने के लिए संपत्ति मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक होगी, अन्यथा यह उल्लंघन माना जाएगा।

कथाएं जमुनियया खुर्द में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा कथा का समापन आज

श्यामपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

श्यामपुर के चौपड़ा वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर बुधवार वार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई और गांधी चौक, कालोनी व मोहल्ला मोहल्ला से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक गोविंदा जाने महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए यात्रा की भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से मुक्त होकर सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो जाता है।

उन्होंने कहा कि कथा की सफलता तभी सिद्ध होती है, जब हमें इस अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मान्तर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

कथा से पूर्व की चौपड़ा वाले हनुमान मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा भूनाम से निकाली गई। कलश यात्रा कीराम चौक, नारीवार मोहल्ला, कीराम चौक, महावीर चौक से होती हुई जमुना कथा स्थल पहुंची। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं पर जमकर झूमे।

जमुनिया खुर्द में आस्था का रैलाव, गोवर्धन लीला सुनकर भक्त झूमें

दोराहा। जमुनिया खुर्द स्थानीय जमुनिया खुर्द गांव में चल रही सात दिवसीय "श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा" में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा सुनने के लिए दूर–दराज से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, जिससे कथा पंडाल पूरी तरह खचाखच भरा हुआ है।

कथावाचक "रेवा रामनारायण" जी ओजस्वी वाणी और सरल व्यवहार के माध्यम से प्रतिदिन भगवान की अद्भुत लीलाओं का रसपान करा रही हैं।

छठवें दिन गोवर्धन लीला का वर्णन

कथा के छठवें दिन, कथावाचक रेवा रामनारायण ने "गोवर्धन लीला" का अत्यंत मार्मिक और मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा करने के उद्देश्य से गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठाया था। इस प्रसंग को सुनकर कथा स्थल पर उपस्थित सभी श्रद्धालु गद्–गद हो गए। मनमोहक भजनों पर भक्त झूमे।

गुरुवार को होगा कथा का समापन

आयोजकों ने बताया कि कथा स्थल को सजाने के लिए भव्य सजावट की गई व्यवस्थाएं की गई हैं, जो गांव के धार्मिक और सामाजिक वातावरण को गरिमामय बना रही हैं।

इस 'सात दिवसीय ज्ञान गंगा कथा' का विधिवत समापन "गुरुवार" को होगा। समापन के पश्चात एक "विशाल भंडारे" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

हनुमान मंदिर निर्माण के लिए हटाए गए अतिक्रमण पर नागरिकों ने माना आभार

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रशासन ने बुधवार को पोकलेन और जेसीबी मशीनों से घुमक्कड़ आदिवासी समाज की झोपड़ियां तोड़ दीं। यह कार्रवाई घंटेरी क्षेत्र के पास औद्योगिक क्षेत्र में की गई। मंगलवार को समाज के लोगों ने जनसुनवाई में गुहार लगाई थी कि उनका घर न तोड़े जाए, लेकिन प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की।

लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई जमीन को लीज पर देने के लिए की गई। राजू, बाबू, भगवत, गुलाब, मांगीलाल, मंदराम, चंदर, शेरसिंह, बिहारी, राहुल, किशन, प्रहलाद, हिरालाल, मनोहर, राजू, कुंदन, भागवती, शेरसिंह, बिहारी, राहुल, किशन, प्रहलाद, हिरालाल, मनोहर, राजू, कुंदन, भागवती, विनोद सहित कई लोगों ने बताया कि वे पीढ़ियों से यहां कच्चे घर बनाकर रह रहे हैं। खेती और मजदूरी कर जीवन चला रहे हैं।

प्रशासन ने न सिर्फ झोपड़ियां तोड़ीं, बल्कि पीने के पानी का एकमात्र सहारा ट्यूबवेल भी तोड़ दिया। खेतों में गड्ढे खोद कर दिए ताकि लोग यहां से चले जाएं। लोगों का कहना है कि पहले ही उनकी जमीन छीन ली गई, अब घर भी उजाड़ दिए गए।

संत गोविंद जाने की कथा के लिए समिति ने बनाई रणनीति

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला मुख्यालय सुल्ता पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत श्री गोविंद जाने की भव्य और विशाल कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा की तैयारियों को लेकर बुधवार को गोवन सरकार सेवा समिति द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समिति ने आगामी कथा के सफल आयोजन के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की, जिस पर बैठक में चर्चा हुई। संत गोविंद जाने की कथा का आयोजन 24 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेगा। कथा का स्थान सिर्फ कॉलोनी ग्राउंड निर्धारित किया गया है। गोवन सरकार सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मालवा माटी के लोकप्रिय संत गोविंद जाने की कथा सुनने के लिए जिला मुख्यालय सहित आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति को देखते हुए आयोजन समिति ने उसी स्तर की व्यापक तैयारियां शुरू की हैं।

वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा,

डीआर संवाददाता»सीहोर

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा रैकवारी द्वारा सीहोर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, विशेष प्रावधानों, मानव संसाधन, लॉजिस्टिक्स, उपकरणों आदि के आधार पर सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनटीडी, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय रक्त निर्यात कार्यक्रम, आयुष्मान भारत निरामयम, पेयजल जनित रोग नियंत्रण, मुख्य मंत्रालय, राष्ट्रीय बुधिरीनता नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, एनक्यूएएस, वीएन डिस्पाइन सहित अनेक सेवाओं एवं बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगे की कार्ययोजना के बिंदुओं की गई। बैठक में सीएमएचओ सुधीर ठोहरिया, सिविल सर्जन डॉ जगेश श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित

प्रशासन ने तोड़ीं, ट्यूबवेल भी तोड़ा, खोतों में गड्ढे किए

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रशासन ने बुधवार को पोकलेन और जेसीबी मशीनों से घुमक्कड़ आदिवासी समाज की झोपड़ियां तोड़ दीं। यह कार्रवाई घंटेरी क्षेत्र के पास औद्योगिक क्षेत्र में की गई। मंगलवार को समाज के लोगों ने जनसुनवाई में गुहार लगाई थी कि उनका घर न तोड़े जाए, लेकिन प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की।

लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई जमीन को लीज पर देने के लिए की गई। राजू, बाबू, भगवत, गुलाब, मांगीलाल, मंदराम, चंदर, शेरसिंह, बिहारी, राहुल, किशन, प्रहलाद, हिरालाल, मनोहर, राजू, कुंदन, भागवती, विनोद सहित कई लोगों ने बताया कि वे पीढ़ियों से यहां कच्चे घर बनाकर रह रहे हैं। खेती और मजदूरी कर जीवन चला रहे हैं।

एकमात्र सहारा ट्यूबवेल भी तोड़ दिया। खेतों में गड्ढे खोद कर दिए ताकि लोग यहां से चले जाएं। लोगों का कहना है कि पहले ही उनकी जमीन छीन ली गई, अब घर भी उजाड़ दिए गए।

महापरिनिर्वाण दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

बरखेड़ी। मां बजरंगी जागरण समाज जनकल्याण समिति द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस समारोह में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ समिति अध्यक्ष शिवशरण सिंह जादौन उपाध्यक्ष भोले कुशवाह, महासचिव एडवोकेट देवी चन्द यादव, कोषाध्यक्ष रूपसिंह जादौन के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर किया। कवि दिनेश गोस्वामी, मंदारात पुर्वेदी, राहुल सागर, राहुल ठाकुर, मनोज कोष्ट, दीपा विश्व दूबा, रूपसिंह बनवारा ने अपना पाठ किया। कवियों ने बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन चरित्र का वर्णन कविता

ग्राम पंचायत श्यामपुर में वॉश ऑन व्हीलश

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

मध्यप्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण मिशन वॉश ऑन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज ग्राम पंचायत श्यामपुर, जनपद पंचायत सीहोर में एक विस्तृत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्यामपुर सेक्टर की कुल 13 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ, जिसका उद्देश्य सभी को इस नवीन पहल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

इस अवसर पर, ग्राम पंचायतों के "रानिया, रोजगार सहायक, और स्वच्छता मित्र" प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्यामपुर के सरपंच नवीन तारावंत चौहान और लॉक सामुदायिक स्वच्छ भारत मिशन, जनपद सीहोर' ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वॉश ऑन व्हीलर किट का प्रत्यक्ष प्रदर्शन था। सभी उपस्थित प्रतिभागियों को किट के सही उपयोग और उसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस मिशन के तहत, जनपद की सभी पंचायतों में स्वच्छता साथी अब अधिक संगठित और सुरक्षित तरीके से सफाई कार्य करेंगे। उन्हें एक मोबाइल एप के माध्यम से सफाई कार्य की रिकॉर्ड स्वीकार करनी होगी। यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी सफाई कार्य "थीपी किट" और अन्य "सुरक्षा उपकरणों" के उपयोग के साथ ही किए जाएँ, ताकि स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उम्मीद और व्हीलर मिशन पर लक्ष्य ग्राम पंचायतों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और हाइजीन के मानकों को ऊपर उठाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार आ सके।

इस पहल को "मध्यप्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम" माना जा रहा है जो ग्रामीण स्वच्छता और सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन

मनुष्य में मानवता तब है जब वह दूसरे का दर्द समझ सके: डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा

डीआर संवाददाता»सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर द्वारा संयुक्त रूप से एक सार्थक एवं प्रभावपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुशवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने मानवाधिकारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में मानवाधिकार केवल अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक सामंजस्य और न्यायपूर्ण व्यवस्था की आधारशिला है। मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य में मानवता तभी है जब वह दूसरे का दर्द समझ सके। उन्होंने मानवाधिकारों को मात्र विधिक प्रावधान न मानकर एक संवेदनशील सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित जिला लीगल एड अधिकारी जीशान खान ने मानवाधिकार संरक्षण, विधिक सहायता तंत्र तथा संवैधानिक कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक जागरूकता बढ़ाने, समाज में समानता स्थापित करने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नाटक प्रस्तुति के माध्यम से मानव अधिकारों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर के प्रभारी प्राचार्य राजकुमार साहू, एवं कार्यक्रम का संयोजन दुर्वाश कौल द्वारा किया गया। दोनों महाविद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक सिद्ध हुआ। मानवाधिकारों की गरिमा, समानता और न्याय के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए सीहोर की

डीआर संवाददाता»सीहोर

विदिशा में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी सीहोर की डीसीए टीम ने लगातार जीत हासिल की है। पहले राजगढ़ को अब रायसेन को एक तरफा मुकाबले में नौ विकेट से हराया। इस मुकाबले में सीहोर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज आदिल खान ने 61 रन, दीपेश सेन ने 42 रन की विस्फोटक पारी खेली, यही वाशनीत सोनी ने तीन विकेट हासिल किए। टीम की इस विजयश्री पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरा वर्मा, कोष अध्यक्ष दुबाने सहित सीनियर खिलाड़ियों ने बधाई दी है। गुरुवार को विदिशा के खिलाफ आगामी मैच खेलेगी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायसेन ने 37.3 ओवर में दस विकेट खोकर 112 रन अर्जित बनाए थे। इसमें रायसेन के बल्लेबाज वेदांत ठाकुर ने 32 रन की संघर्षपूर्ण

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-07,2082 | विदिशा, दिन गुरुवार ,दिनांक 11 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का दौरा कार्यक्रम

विदिशा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का प्रातः दौरा कार्यक्रम अनुसार बुधवार दस दिसम्बर की रात्रि 9:15 बजे दशहरा जिला विदिशा आगमन एवं रात्रि विश्राम। मंत्री श्री पटेल गुरुवार 11 दिसम्बर को प्रातः दस बजे दशहरा जिला विदिशा से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10:20 बजे गुलाबगंज तहसील के ग्राम गढ़ीपुर में आयोजित दैनिक भास्कर बेतवा प्रीमियर कॉलेज इन्टर स्कूल क्रिकेट लीग 2025 प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे इसके पश्चात् पूर्वाह्न 11 बजे ग्राम पठारी, खुर्चई, रजबास, मालथौन के लिए रवाना होंगे।

नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक गुरुवार को

विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार 11 दिसंबर को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्य गणों को उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है।

जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक 11 को

विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार 11 दिसंबर को जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं सचिव जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड ने बताया कि बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में शुरू होगी।

अमानक पाये गये उर्वरक विक्रेताओं पर कार्यवाही

विदिशा। जिले के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा लिये गये उर्वरकों के नमूनों परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण परिणामों के आधार पर निम्नानुसार उर्वरक विक्रेताओं पर अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत विक्रय प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की गई। अमानक पाये गये नमूनों के विक्रेताओं की जानकारी निम्नानुसार है – पैक्स शुकरवाड़ी, पैक्स निलोकरी, पैक्स लटेरी, पैक्स गंजोरी, पैक्स कोलुआ पठार, मै बाके बिहारी कृषि सेवा केन्द्र लटेरी।

शमशाबाद से गिरोह पकड़ा | स्टेशन से लापता हुई थी 3 साल की मासूम, चार आरोपी रिश्तेदार

बच्ची का अपहरण, खोज में 4 मासूम भी मिले अहमदाबाद व राजस्थान में बेचने की जुगाढ़ थी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मासूम बच्चों का अपहरण करके उनकी खिंदगी का सौदा करने वाले तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश करने और उनको गिरफ्तार करने के मामले में विदिशा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 7 दिसंबर को विदिशा स्टेशन से 3 साल की मासूम का अपहरण हो गया था। तलाशी में आरोपियों की लोकेशन शमशाबाद मिली। पुलिस ने जब वहां पहिंचा तो 3 साल की मासूम के साथ अन्य 4 मासूम भी मिले। जिनकी उम्र 3 से 11 साल थी।

पुलिस ने 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। जो भोपाल, बैरसिया और शमशाबाद इलाके के रहने वाले हैं। स्टेशन से लापता हुई मासूम की तलाश में पुलिस ने 235 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। 135 संदिग्धों से पूछताछ की। लेकिन आरोपी मासूम को शमशाबाद बस से लेकर गए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी बच्ची को अहमदाबाद और राजस्थान बेचने की तैयारी कर रहे थे। उनसे पूछताछ की जा रही है।

विदिशा। तस्करी से हुए रनवे सीट कार्यवाही, एसपी डॉ. प्रकाश चंद्र गौतम पत्रकार वार्ता।

मुख्य आरोपी की पत्नी ,बेटा और भांजी समेत तस्करी में लिप्त

गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी अर्जुन सिंह पाल, उम्र 45 साल, निवासी ठेकपुरा थाना बैरसिया जिला भोपाल है। उसके साथ उसकी पत्नी हरिप्रिया, उम्र 36 साल, बेटा रवि पाल, उम्र 21 साल और भांजा जितेंद्र पाल, उम्र 30 साल निवासी रसूलपुर थाना इमलीखेड़ा जिला विदिशा शामिल है। पुलिस को शक्क है कि इनका संबंध अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह से भी हो सकता है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक कितने बच्चों को अगवा कर कहां-कहां बेचा गया है।

सेकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, 135 संदिग्धों से पूछताछ

बुधवार शाम पुलिस कंट्रोल में आकाशीय पत्रकारवार्ता में एसपी डॉक्टर प्रकाशचंद्र गौतम, एएसपी ऋषभदेव सिंह सीरसवार, अतुल सिंह ने बताया कि 7 दिसंबर को बी अपहरण धारा 330 वाले रेलवे स्टेशन से लोकेशन नंबर 1 के पास एक बुजुर्ग दंपति रहते हैं।

उनकी 3 साल की पोती और 1 साल का पोता भी उनके साथ रहता है। आरोपियों ने पहले रेकी करने के बाद पहले से 3 साल की बच्ची का अपहरण कर लिया था। बच्ची के दादा-दादी ने काफी देर तक सर्चिंग की लेकिन बच्ची नहीं मिली। उसी समय पुलिस को एक गरीब परिवार की मासूम बच्ची के गायब होने की जानकारी मिली तो एसपी ऑफिस कार्यवाही में अपनी ओर से पहल की। 235 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। 135 संदिग्धों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस को शमशाबाद में गिरोह की मौजूदगी का सुराग मिला। विदिशा से करीब 60 किमी दूर शमशाबाद में पुलिस ने गिरोह की मौजूदगी का सुराग मिला। विदिशा से करीब 60 किमी दूर शमशाबाद में पुलिस ने दबिश दी और चारों आरोपियों को पकड़ लिया।

गत वर्ष नवंबर में बसौदा और पठारी में भी आए थे ऐसे मामले

नवंबर 2024 में भी गंजबासौदा और पठारी थाना क्षेत्र में बच्चों के अपहरण की घटनाएं हुई थीं। उन मामलों में भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

छात्रा से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार, पुलिस ने बीच बाजार निकाला आरोपियों का जुलूस

डीआर संवाददाता ▶▶ सिरोंज

विदिशा जिले के पठारी में नौवीं कक्षा की एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों का बीच बाजार जुलूस भी निकाला, ताकि समाज में ऐसे कृत्यों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया जा सके।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश साहू (40) और बीरू उर्फ भीम पैकमार (18) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राजेश साहू नशे का आदी है।

पठारी के पास के एक गांव की रहने वाली यह छात्रा सरकारी स्कूल में पढ़ाती है। वह लंबे समय से इन दोनों युवकों की हरकतों से परेशान थी। आरोपी उसका पीछा करते थे, सीटी बजाते थे और अश्लील टिप्पणियां करते थे, जो उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया था।

गुरुवार सुबह जब छात्रा स्कूल जा रही थी, तब दोनों आरोपियों ने एक बार फिर उसके साथ छेड़छाड़ की। इस घटना से घबराई छात्रा ने तिरहार जुटाकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई।

परिजनों की शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी नीरज बाजपेई ने सत्वरता एक टीम गठित की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही समय में दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें बाजार में घुमाकर लोगों को जागरूक किया।

छात्रा ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के कारण उसे शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत मिली। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से क्षेत्र की अन्य छात्राओं को भी ऐसे मामलों में तुरंत शिकायत करने का साहस देने का संदेश दिया है, ताकि अपराधी बेखौफ न हो सकें।

रील ने 17 साल बाद मिलाया, बेटी के चोट के निशान से पिता ने पहचाना

डीआर संवाददाता ▶▶ गंजीबाबोरा

नगर से 10 साल की उम्र में गुम हुई एक बालिका 17 वर्ष बाद तीन बच्चों के साथ अपने परिवार से मिली तो आंखों से खुशियों के आंसू छलक पड़े। नाबालिग से बालिग हो चुकी युवती ने इंस्टाग्राम पर रील देखते समय गंजीबाबोरा रेलवे स्टेशन का बोर्ड पहचान लिया, जिसके बाद वह पुलिस की मदद से अपने परिजनों तक पहुंची।

पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव ने बताया कि वर्ष 2008 में विनीता अहिरवार किसी ट्रेन में बैठकर अहमदाबाद पहुंच गई थी। वहां कुछ सामाजिक लोगों ने उसे सुरक्षित रखा, पढ़ाया-लिखाया और पूरी देखभाल की। विनीता उस समय भोपाल में नाना-नानी का पता बता रही थी, जिसके आधार पर लोग उसे भोपाल भी लेकर गए, पर सटीक पता न मिलने से परिवार तक नहीं पहुंचा सके।

हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक रील में गंजीबाबोरा स्टेशन देखकर विनीता को याद आयी। उसने यह बात पति से साझा की और दोनों ने गंजीबाबोरा पुलिस चौकी से संपर्क किया।

गले मिली बेटी तो आंखें हुई नम

मुलाकात के दौरान विनीता अपने माता-पिता को पहचान नहीं पाई, लेकिन पिता एमू अहिरवार ने बेटी के गाल पर पुराने चोट के निशान से तुरंत पहचान लिया। जैसे ही पिता ने गुमती को खुद की बेटी होने की पुष्टि की तो भावुक होकर गले मिले।

सांसद खेल महोत्सव 2025 मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने दिखाया दम

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव 2025 में आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत आज बुधवार को जिला खेल परिसर स्टेडियम विदिशा में विदिशा विधानसभा के 5 क्रमशः मंडलों की कबड्डी की टीमों की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें मंडल से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया।

प्रतियोगिता के मुख्यातिथि अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उपस्थित खिलाड़ियों से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए हमेशा खेल भावना के साथ हर कार्य करने की अपील की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राजेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष विदिशा वीर सिंह रघुवंशी, प्रशांत छाजी, दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र चौहान, अंकित दुबे उपस्थित रहे।

जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत आज जिला खेल परिसर में आयोजित मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेतवानगर मंडल एवं दुर्गा नगर मंडल की बालक एवं बालिका वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया। जिनमें मध्य बैच हुए। कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति ठाकुर अरविंद सिंह राजपूत बीएस बुंदेला रविकांत नामदेव भीमसी सपना शर्मा ,मयूर भार्गव, अर्जन किशोर, अजय चौहान योगेश धुर्वे वीरेंद्र मिश्रा आदित्य उपस्थित रहे।

तीन चोरियों का खुलासा, 22 लाख के जेवर बरामद

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

बाबासा सोई और आझाराम कॉलोनी सहित रायल सिटी में हुई चोरी की 3 वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने 22 लाख रुपये कीमती ज्वेलरी बरामद कर ली है। सिविल लाइन टीआई आरके मिश्रा के मुताबिक मुलगांव निवासी चंदर ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश रोहिया और खरीददार दिलीप भील निवासी नारायण पिता गिरीलाल रोही से 15 तोला सोना और 4 किलो चांदी जब्त की है। पुलिस टीम ने लगभग 180 सीसीटीवी फुटेज, फिंगरप्रिंट, तकनीकी विश्लेषण एवं 130 से अधिक लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। फिंगरप्रिंट मैचिंग, मुखबिर सूचना और बैंकिंग पहचान की मदद से वे पुलिस आरोपियों को दबोच सकी।

23 सितंबर को फल व्यापारी मनोज खटीक के साई ओर रिंकल घर से चोरी हुई थी। इसके 15 अक्टूबर को आझाराम कॉलोनी निवासी बंटू वर्मा के सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इससे पहले रॉयल सिटी में रहने वाले मालवीय परिवार के सूने घर में 22 मई को चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर ने मकान सूने होने का फायदा उठाकर सोने के मंगलसूत्र, चौन एवं अन्य आभूषण पर हाथ साफ कर दिया था।

पुलिस ने आरोपी से जो माल बरामद किया है वह सोने की गली हुई चूड़ी एवं 1 सोने का हार बरामद किया है। जिसमें पायल, बिछुड़े, कंगन, चांदी के कड़े, चांदी मुखा, चांदी की चौन, चांदी के सिक्के आदि आभूषण मिले हैं। टीआई के मुताबिक चोर वारदात के बाद यूपी भाग जाता था इसलिए पकड़ने में कठिनाई आई।

खेतों से मोटर चोरी, किसानों में दहशत, रात में बढ़ी बेचैनी

पीपलखेड़ा। पीपलखेड़ाखेड़ा में खेतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब चोर किसानों के खेतों को निशाना बनाकर सिंचाई के लिए लगाए गए स्टार मोटर स्टार्टर चुरा ले जाकर मोटर स्टार्टर चोरी कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों में कई किसानों के खेतों से स्टार चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत के माहौल गहरा गया है। किसानों ने बताया कि रात होते ही उनके मन में खेतों की

नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को प्रधान न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

अदालतों में लंबे समय से चल रहे न्यायालीन प्रकरणों को निराकृत करने के लिए 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर आयोजित लोक अदालतों के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को प्रचार रथ रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सैय्द सलीम द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री जी.सी. शर्मा, समस्त जिला न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संतोष शर्मा एवं सचिव श्री राजेन्द्र सिंह दांगी उपस्थित रहे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत का मुख्य मकसद मामलों में कमी से अधिक प्रकरणों का समय पर निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति और समझौते से प्रकरणों का निराकरण कर लोगों को राहत दी जाएगी।

इन प्रकरणों का होगा निराकरण

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरण, वैवाहिक, टैक्सेशन, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

बुधवार को जो प्रचार रथ रवाना किया गया, वह शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में बताएगा।

भूमिपूजनरू बंटी नगर से निजापुर तक बनेगी सड़क

विदिशा। मुख्यमंत्री आपोसंरचना विकास योजना के तहत बंटी नगर चौराहे से निजापुर तक बीटी रोड के चौड़ीकरण और स्ट्रीट लाइटिंग का भूमिपूजन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा मौजूद रहीं। इस सड़क निर्माण पर करीब 6 करोड़ खर्च होंगे। वार्ड क्रमांक 28 में 9 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भी भूमि पूजन किया गया। विधायक ने साफ कहा कि काम नहीं किया, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। नए ठेकेदारों से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने कहा कि यह सड़क किसानों, व्यापारियों व और आम लोगों के लिए सुरक्षित होगी।

शिविर | अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस तथा आगामी 13 दिसंबर को

जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

डीआर संवाददाता ▶▶ कुरवाई

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं नेशनल लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस तथा आगामी 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में किया जा रहा है।

जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में बुधवार को विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सैय्द सलीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष न्यायाधीश श्री जी. सी. शर्मा, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्यतः मानवाधिकार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हुई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सैय्द सलीम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की गरिमा, स्वतंत्रता एवं समानता की रक्षा करने वाले मूल अधिकार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इन अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

न्यायाधीश ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय तक सरल पहुँच का प्रभावी माध्यम है, जिससे आमजन के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान होता है।

कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं को लोक अदालत की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। शिविर में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं सदस्यों ने मानवाधिकार संरक्षण तथा लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर विद्यार्थियों का थाना भ्रमण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री शेख सलीम के मार्गदर्शन में, आज दस दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत ट्रिनिटी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विदिशा के विद्यार्थियों को थाना सिविल लाइन, विदिशा का भ्रमण कराया गया तथा विधिक जागरूकता सिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नितेन्द्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सरदेर खान, तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अनिमेष तिवारी एवं विनोद कुशवाह उपस्थित रहे।

सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका तथा मानवाधिकारों के संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कानून कैसे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है और इन अधिकारों का सही उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विधिक ज्ञान से सशक्त बनाना रहा।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-07,2082 | राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 11 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

नेशनल लोक अदालत के शुभारम्भ 13 दिसम्बर को

राजगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) के वार्षिक कैलेण्डर अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर, 2025 को जिला न्यायालय परिसर किया एडी. आर. सेंटर के सभागृह में प्रातः 10:15 बजे किया जाएगा।

कार्य में लापरवाही बरतने पर किया निलंबित

राजगढ़। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रताप सिंह मौहान द्वारा बताया गया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजगढ़ के प्रतिवेदन पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर प्राथमिक शिक्षकन्या प्राथमिक विद्यालयखुजनेर श्री नागीलाल राठौर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया।

सड़क हादसे में चार घायल

ब्यावरा। दो घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। नीलवाड़िया निवासी अशोक पुत्र गजादार सल्लेना, बेटा लखित करनवास-नीलवाड़िया के बीच में बाइक फिसलने से घायल हो गए। वहीं सुसालिया रोड पर सिलपटी मोड़ के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से पर्वत पुत्र जगन्नाथ बगेड़ा व उसकी पत्नी घायल हो गए।

किसी को नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकी

राजगढ़। समीक्षा सभी संबंधित इंजीनियरों, सब-इंजीनयरों के कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यों में लापरवाही बरतने वालों में से किसी को शोकाज नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित जिपं सीईओ इन्दिरा गढ़मखाने भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुपस्थित उप-अभियंता सुनील सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह उप-अभियंता दिवाकर दुबे को कुछ कार्य अत्यंत धीमी गति से चलने पर उनकी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए। उप-अभियंता अनिल जालौन को भी कार्यों की धीमी प्रगति पर शोकाज नोटिस जारी किया गया। संजीव वर्मा की बैठक में अनुपस्थिति तथा लगातार 15 दिनों से कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध वैधा समाप्ति संबंधी नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह उप-अभियंता जीतेंद्र उमठ एवं सहायक अभियंताओं की विभिन्न लापरवाही पर उन्हें नोटिस

एसआईआर में लापरवाही पर शिक्षक निलंबित

राजगढ़। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह मौहान से मिली जानकारी अनुसार कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजगढ़ के प्रतिवेदन पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर प्राथमिक शिक्षक कन्या प्राथमिक विद्यालय खुजनेर मांगीलाल राठौर को निलम्बित किया गया है।

प्रदर्शन | संबंधित व्यापारी के सभी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग

मारपीट का मामला गर्माया, सैकड़ों किसानों ने मंडी में किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़

मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में किसानों से हुई मारपीट का मामला अब गर्मा गया है। बुधवार को इसी मामले को लेकर मंडी परिसर में सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन करते हुए व्यापारी सलीम मंसूरी और उसके परिजनों के सभी लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। किसानों ने चार दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी जारी भी है। इस दौरान किसानों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझाईश दी। तब जाकर कहीं मामला शांत हुआ लेकिन किसान व्यापारी के लाईसेंस निरस्त करने की मांग को एवं उसके द्वारा मंडी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि सलीम टेडर्स के पास 4 लायसेंस है जिनके आधार पर वह मंडी का काम करता है

किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन मारपीट के खिलाफ किसानों ने

एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें सलीम टेडर्स का मंडी लायसेंस निरस्त करने की मांग की एवं उसके द्वारा मंडी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि सलीम टेडर्स द्वारा मंडी में किसान की फसल का माप अवैध तरीकों से कुछ कांट लिया गया और तौल कांटे पर लाकर माप कम करने से यह विवाद बढ़ गया इसमें नाईहेड़ी के किसान के साथ सलीम ट्रेडर्स के संचालक एवं उसके परिजनों ने मारपीट कर दी जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया।

इसलिए . .

मंडी व्यापारी द्वारा किसान से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है। लाइसेंस निरस्ती की लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर रहे है। जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

पूशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़

बोली में लगाया ज्यादा भाव तौल कांटे पर पहुंचकर किया कम

किसान संगठन ने अपने ज्ञापन में बताया गया कि सलीम टेडर्स द्वारा मंडी में किसान की फसल का माप अवैध तरीकों से कुछ कांट लिया गया और तौल कांटे पर लाकर माप कम करने से यह विवाद बढ़ गया इसमें नाईहेड़ी के किसान के साथ सलीम ट्रेडर्स के संचालक एवं उसके परिजनों ने मारपीट कर दी जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया।

टायर फटने से अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार ट्रैवलर, 13 घायल

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

देहात थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर बाइपेस जोड़ पर बुधवार सुबह पचमढ़ी से आगरा जा रही एक ट्रैवलर का अगला टायर फटकर अलग हो गया। बस की रफ्तार ज्यादा होने से अनियंत्रित हो गई। बस में सवार महिला बच्चों सहित 13 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए शासकीय सिविल अस्पताल गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों को आगरा के लिए रवाना हुए।

यहां बता दें कि आगरा के रहने वाले 22 लोग ट्रैवलर से पचमढ़ी घूमने गए थे। पचमढ़ी से आगरा के लिए जा रहे थे। बुधवार सुबह पचमढ़ी से आगरा जा रहे थे। बुधवार सुबह 4-5 बजे भोपाल लखेड़ा पर बाइपेस जोड़ के पास ट्रैवलर क्रमांक यूपी 80 एनटी 8823 का आगे का टायर अचानक फटकर अगल हो गया, जिससे बस अनियंत्रित हो गई। हादसे में लिट्टी पत्नी सुगंध बसाल 27, हेमलता पत्नी जयनारायण अग्रवाल 70, रश्मि पत्नी विजय अग्रवाल 50, जयनारायण पुत्र रामेश्वरम अग्रवाल 72, मेरना पत्नी कन्हैयालाल 40, रचना पत्नी अशोक मित्तल 48, राजेश पुत्र जयनारायण अग्रवाल 51, सोहना पुत्री कन्हैयालाल अग्रवाल 11, श्रेया पुत्री श्याम अग्रवाल 7, वृष्टि

इस तरह भोपाल रोड पर बाइपेहड़ा के पास यही ट्रैवलर हुई अनियंत्रित ।

पुत्री राजेश कुमार 20 सेल्फ पुत्री अशोक अग्रवाल घायल हो गए। सूचना मिलते ही देहात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए शासकीय सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से सभी को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि आगरा के सभी लोग तीर्थ यात्रा के लिए निकले थे। बाइपेहड़ा के पास टायर फटकर अलग होने से ट्रैवलर अनियंत्रित हो गई। देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि बुधवार सुबह ट्रैवलर का ड्राइवर नींद तक का टायर फटने के बाद अलग हो गया। ट्रैवलर में

राजगढ़ में हिल स्टेशन पचमढ़ी जैसी ठंड

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिले में सर्दी एक बार फिर चरम पर है। शीतलहर का असर ऐसा कि तापमान लगातार गिरते जा रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री था, जो बुधवार को और गिरकर 5.2 डिग्री पर आ गया

प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा रहा राजगढ़

गया। बुधवार को जिला स्टेशन पचमढ़ी और राजगढ़ का तापमान बराबर रहा। मंगलवार शाम से शुरू हुई कड़ाके की ठंड रात में और ज्यादा तीखी हो गई। सुबह 8.55 बजे सूर्योदय तक तेज ठिठुरन बनी

रही। सूर्योदय के बाद आसमान साफ रहा, लेकिन सुबह 10 बजे तक सर्द हवा ने लोगों को बेहाल रखा। दोपहर में खिली धूप भी राहत नहीं दे पाई और दिन का तापमान एक डिग्री गिर गया। शाम करीब 4 बजे से ही दोबारा ठंडी हवाएं चलने लगीं।

सुबह सूर्योदय के दौरान न्यूनतम 5.6 डिग्री सेल्सियस से बढ़ते आसमान में फैली लालिमा ने शहर को किसी खूबसूरत हिल स्टेशन जैसा नजारा दे दिया। कुल्लाह।

को कभी पहाड़ों पर स्थित का जाता था शीत लहरा रहा

वहीं नेगज तट के पास स्थित केवड़ापति मंदिर में दुर्गा बाबे अनुष्ठान को भी गर्म शॉल ओढ़ाया। शहर के अन्य मंदिरों में भी भगवान को हीटर लगाने और सही अंतराल जलाकर तापने की व्यवस्था की जा रही है।

अगले दो दिन ऐसे ही हालातरू मौसम वैज्ञानिक

डॉ. विजय ई. मौसम के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में कोई विशेष मौसम सक्रिय नहीं है। ऐसे में अगले दो दिन तो दिन तीखेन में शाम बढ़ता की सम्भावना नहीं है। शुक्रवार तक शीत लहर का प्रकोप वही रहेगा। दिन में धूप रहेगी, लेकिन शाम से फिर सुबह तक तेज सर्दी से सामना होगा।

जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा, लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिले के ग्रामीण और विकासखंडों द्वारा अनुशंसित सड़कों एवं आवश्यकता कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्टर के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में संबंधित विभागों का तकनीकी अमला सहित जिला पंचायत सीईओ इन्दिरा गढ़मखाने भी उपस्थित रहे। समीक्षा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं आवासना योजना 2023-24, विधायक अनुशंसा कार्य, डीएमएफ मद से निर्माणाधीन कार्य, कंजीकीकेयूपीएल की योजना, आंगनवाड़ी भवन, मनरेगा कन्वर्जेंस, जलजीवनमिशन योजना, कृषि विभाग के निर्माण कार्य तथा नहीं पंचायत भवनों की स्थिति पर चर्चा की गई।

उप-अभियंता सुनील सिंह बैठक में अनुपस्थित पाए गए, जिनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उप-अभियंता दिवाकर दुबे के 9 में से 5 कार्य अत्यंत धीमी गति से प्रगतिरत पाए गए, जिस पर उनकी वेतन-वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

उप-अभियंता अनिल जालौन को भी कार्यों में देरी पर नोटिस जारी हुआ। उप-अभियंता संजीव वर्मा की अनुपस्थिति और 15 दिनों से कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति संबंधी नोटिस जारी किया गया। सोनखेड़ा क्षेत्र के उप-अभियंता जितेंद्र उमठ तथा एक सहायक अभियंता को कार्यों में लापरवाही पर नोटिस मिला। आरईएस विभाग को सात दिन की समय-सीमा देते हुए सभी सड़क कार्यों की सीसी पूर्ण कर फाइलें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

राजगढ़में कार पर टिप्पणी को लेकर दो पक्ष भिड़े

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिले के धांधीहेड़ा बस स्टैंड पर बुधवार रात करीब 8 बजे मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। वजह थी लेकर की गई टिप्पणी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और स्थिति बवाल तक पहुंच गई। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पास स्टैंड परिसर में खड़ी एक सफेद स्कॉर्पियो को लेकर टिप्पणी की गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और धीरे-धीरे लोग एकत्रित होने लगे। कुछ ही देर में गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, जिसमें कुछ लोग सामने कोई भी आई हाथ से लाठी बड़ी लाठी में मौके इकट्ठा हो गई थी।

खबर के फैलते बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई थी।पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया सूचना मिलते ही छापीहेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची।

आ फड़ पर दबिश का साइड इफेक्ट... खुजनेर थाना प्रभारी और आरक्षक को किया लाइन अटैच

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

खुजनेर में गोपालपुरा के जंगल में जुआ संचालन के खेल पर चल रहे जुए की एक बड़ी फड़ पर पुलिस की दबिश के ठीक एक दिन बाद, एसपी अनिल-सुरेश तोलानी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खुजनेर के थाना प्रभारी सत्यनारायण निरंजन दिलीप प्रजापति को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन में अटैच कर दिया है। भले ही एसपी ने अपने आदेश में इस कार्रवाई का कारण प्रशासनिक दृष्टिकोण बताया है, लेकिन जुए के संचालित अड्डे पर दबिश के दुसरा बाद हुई ये कार्रवाई पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गई है। बता दें कि राजगढ़ के डीसीपीए और खुजनेर की पुलिस टीम ने गोपालपुरा गांव निवासी देव राम गोपालपुरा जंगल में चूने लगाया बाबू यादव के खेत पर चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश दी थी। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद जुआरियों में 5 मोबाइल फोन और 22 मोटरसाइकिलें जब्त की थीं। मौके से करीब 18 जुआरी फरार हो गए थे। 22 बाइकों का जब्त होना इस बात का पुख्ता प्रमाण था कि जुए का नेटवर्क खुजनेर क्षेत्र में विशाल विस्तृत और संगठित था। जुए की फड़ का पूर्व संचालन के मद्देनजर मच गई। कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने 80 हजार नगद, खेत पर संचालित होना स्थानीय संस्थान पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा

आदेश दिया | कुत्तों ने ने निराश्रित विक्षिप्त महिला को नोंचा, 2 माह में 31 घावों से उबरी

अब न्यायालय के आदेश पर ग्वालियर में होगा इलाज

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिला अस्पताल और जिला न्यायालय की संवेदनशीलता ने एक निराश्रित विक्षिप्त महिला को नया जीवन दिया। दो महीने पहले ब्यावरा से गंभीर हालत में लाई गई इस महिला को कुत्तों ने 31 जगहों पर काटा था। कोई परिजन नहीं था। अस्पताल की स्टाफ नर्स योगेश्वरी नगपुरे और उनकी टीम ने दो महीने तक उसकी सेवा की। अब महिला पूरी तरह ठीक हो चुकी है। महिला

का भी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसे विशेषज्ञ इलाज की जरूरत थी। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को इसकी जानकारी दी।

आदेश दिया। आदेश के बाद महिला को टीम के साथ ग्वालियर भेजा गया। न्यायालय ने 29 दिसंबर तक महिला की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए है।

हालांकि कुरावर की जब महिला को अस्पताल लाया गया, वह बाजार की ओर चली गई। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ. रानी पुलिस थाना इंस्पेक्टर हरिओम खुरासी, आरक्षक मिथि तोमर, अस्पताल और पुलिस की टीम ने डेढ़ घंटे तक बाजार में खोजा

की। महिला को को बायपास नाके के पास इशारा मैदान रोड की ओर से ढूंढकर वापस अस्पताल लाया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, आरएमओ डॉ. अंकित कोठारी और पूर्व सीएमएचओ डॉ. आरके कठेरिया भी मौजूद रहे। एसपी अनिल-सुरेश तोलानी के निर्देश पर प्रधान आरक्षक शंभू खांगी और टीम ने महिला को रेड क्रॉस सोसाइटी के वाहन से पुलिस अभिरक्षा में ग्वालियर भेजा

बच्चों के खाने की गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा - कलेक्टर

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला-2 गीत एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में खाद्यान्न उठाव, वितरण, गुणवत्ता एवं निरीक्षण व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई और कड़े निर्देश दिए गए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मध्याह्न भोजन को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी और किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई होगी। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी विद्यालय में स्वयं जाकर आकस्मिक निरीक्षण करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संयुक्त एवं प्रधानाध्यापक दोनों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में खंड स्तरीय अधिकारी तुरंत नोटिस जारी करें, साथ ही बीआरसी को भी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य लॉक सिस्टम के पालन पर विशेष जोर देते हुए अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी नरसिंहगढ़ द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी को स्वयं निरीक्षण अधिकारी स्वयं से करने के निर्देश दिए। खाद्यान्न परिवहन में पारदर्शिता हेतु सभी वाहनों पर जीपीएस लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह सभी खंडों में खंड स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएं और उनकी रिपोर्ट स्वयं जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजी जाएं।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि एफएलएन से जुड़े सभी निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सीखने के परिणामों में सुधार और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल प्रदान करने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।